आईआईएम रांची का बिजनेस कॉन्क्लेव रैडिक्स 5.0 आज से

सिटी रिपोर्टर | रांची

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) रांची का बिजनेस कॉन्क्लेव 'रैडिक्स 5.0' आज से शुरू हो रहा है। हर साल संस्थान इस कॉन्क्लेव का आयोजन करता है। उद्देश्य है स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री का रियल वर्ल्ड एक्सपीरियंस से रूबरू कराना और एंटरप्रेन्योर्स के साथ इंटरएक्शन कराना। इस बार यह कॉन्क्लेव 24 व 25 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सीएमपीडीआई सभागार में होगा। यहां बिजनेस के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों पर चर्चा होगी। कॉन्क्लेव में एसेंचर, फिडेलिटी, जीई पावर, डेल ईएमसी, रॉयल फिलिप्स समेत कई कंपनियों से बिजनेस लीडर्स आ रहे हैं। ये ट्रांसफॉर्मिंग टेक्नोलॉजी, एंप्लॉई मैनेजमेंट, सीएसआर के जरिए एंप्लॉई रिटेंशन जैसे टॉपिक्स पर बात करेंगे।

Dainik Bhaskar, 24.11.2018, Pg. 2